From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स हिंदी

साप्ताहिक शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 30 | Saturday, 21st October to 27th October 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

होम टाइम्स साप्ताहिक हिंदी के पाठकों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं



मुलुंड में शिंदे गुट की तरफ से भी इस वर्ष सार्वजनिक नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है। मुलुंड पश्चिम एम जी रोड पर **दुर्गाई विश्व संस्था** की तरफ से भव्य मंदिर बना कर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है। आप को बता दे की इस संस्था का यह पहला वर्ष है।

## मुलुंड के सार्वजनिक पडालों में की गई मां दुर्गा की स्थापना

■ **होम टाइम्स टीम**

देशभर में जहां नवरात्र के पर्व को लेकर धूम मची हुई है तो वहीं दूसरी तरफ मुलुंड के कई पंडालों में मां दुर्गा की विशाल प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है और उनकी समय समय पर पूजा अर्चना की जा रही है। इतना ही नहीं मंडल की ओर से सार्वजनिक गरबा और कई अन्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जिसका लाभ भारी तादाद में श्रद्धालु लाभ उठा रहे हैं।

(शेष पेज ५,६,७ पर)

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दुर्गा उत्सव

## नवजीवन संघ ने पूरे किये १२ साल

■ **होम टाइम्स टीम**

हर साल की तरह इस साल भी परंपरा को कायम रखते हुए नवजीवन संघ की ओर से दुर्गा उत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। शुक्रवार से इस पर्व की शुरुआत की गई है और दशहरा के दिन तक यह पर्व मनाया जाने वाला है जहां श्रद्धालुओं के लिए भोग और सिंदूर खेला का भी कार्यक्रम रखा गया है।

कोरोना महामारी के चलते देशभर में लगे प्रतिबंधों में ढील देने के बाद अब सभी पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नवजीवन संघ द्वारा मुलुंड पश्चिम स्थित नालंदा ग्राउंड पर भी दुर्गा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवजीवन संघ द्वारा दुर्गा उत्सव का यह १२ वां साल है। यहां की गई सजावट, रजवाड़े की तर्ज पर बनाया गया है। ५० फीट ऊंचा बनाया गया विशाल मंदिर और ढाक का साज बना कर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान की गई है। जो की श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना है।

(शेष पेज ४ पर)



# श्री कच्छी लोहाना महाजन मुलुंड में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया शारदीय नवरात्रि का पर्व

## आरती थाली सजावट के साथ ही कई अन्य कार्यक्रमों का भी किया जा रहा है आयोजन

प्रथम क्रमांक



द्वितीय क्रमांक



तृतीय क्रमांक



तृतीय क्रमांक



■ **होम टाइम्स टीम**

देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाए गए शारदीय नवरात्रि के इस पर्व को लेकर श्री कच्छी लोहाना महाजन मुलुंड की ओर से भी पूरे १० दिन नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है।

जहां आरती थाली सजावट के साथ साथ, गरबा, डांडिया जैसे कई अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान हर दिन विजेताओं को इनाम भी दिए जा रहे है और भारी तादाद में श्रद्धालु इसका लाभ उठा रहे है।

मुलुंड में गरबा को लेकर एक तरफ जहां सार्वजनिक पंडालों द्वारा कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ मुलुंड पश्चिम स्थित श्री कच्छी लोहाना महाजन वाड़ी में भी शारदीय नवरात्र को लेकर नवरात्रि के हर दिन, शाम को ८ बजे से १० बजे तक गरबा और डांडिया का भी आयोजन किया जा रहा है। जहां संगीतकार की धुन पर भारी तादाद में लोग गरबा का लुफ्त उठा रहे है। इसी के तहत २० अक्टूबर यानी शुक्रवार को आरती थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जहां करीब २०० प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। इन प्रतिभागियों में से कईयों ने फूलों से तो कईयों ने ड्राई फ्रूट से मां दुर्गा की प्रतिकृति थाली में बनाई थी। इतना ही नहीं इस आरती सजावट में चंद्रयान ३ और शौर्य मंडल की भी एक प्रतिकृति बनाई गई थी। यह सजावट नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई थी। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी।

आरती थाली सजावट के इस कार्यक्रम में जज के रूप में रोशनी कोठारी, निशा बेन रावल,मीनल दावड़ा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया जबकि १५ विजेताओं को विशेष इनाम भी दिए गए। वहीं अष्टमी के दिन शाम ४ से ६ बजे तक ओम हवन किया जाएगा और १५१ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भेंट और सौगात दी जाने वाली है। नवमी के दिन गरबा खेलने आने वाले श्रद्धालुओं को गिफ्ट दिया जाने वाला है। इस दौरान भारी तादाद में श्रद्धालु पारंपरिक तरीके से वेशभूषा पहनकर इस कार्यक्रम में शामिल होते दिखाई दिए दे रहे हैं।







# सं। पा। द। की। य

हिमांशु कोठारी

## बुराई पर अच्छाई की जीत

दशहरा (Dussehra) भारत में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण हिन्दू त्योहार है, जो विजयादशमी के रूप में भी जाना जाता है। यह त्योहार भगवान राम की विजय को याद करने के लिए मनाया जाता है, जब वे लंका के राक्षसराज रावण को मारकर वापस आए थे। इस वर्ष दशहरा २४ अक्टूबर को मनाया जाने वाला है। इस अवसर पर कई जगह रामलीला का प्रदर्शन किया जाता है, जिसमें भगवान राम की कथा का प्रस्तुतीकरण होता है। इसके बाद, एक आक्रमण पूजा का आयोजन किया जाता है, जिसमें रावण, मेघनाथ, और कुंभकर्ण का पुतला बनाकर उनका दहन किया जाता है, जिसे विजयादशमी कहा जाता है। दशहरा का महत्व असत्य पर सत्य की जीत है। इसके अलावा, दशहरा का दिन अच्छाई की जीत और बुराई के पराजय का संदेश देता है। भारत के अलग अलग क्षेत्रों में दशहरा अलग अलग तरीके से मनाया जाता है जिसमें उत्तर भारत में रामलीला के द्वारा, पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा के रूप में, और गुजरात में गरबा और डांडिया के खेल के साथ।

वैसे तो धार्मिक पुराणों में दशहरा को लेकर कई अलग अलग कहानियां बताई गई है। लेकिन इन सबका तात्पर्य एक ही है बुराई पर अच्छाई की जीत। इसी को ध्यान में रखते हुए आज के युग में भी कार्य होना समय की मांग बन गया है। बुराई का साम्राज्य हर जगह फैला है। लोगों के साथ हो रही धोखाधड़ी, अपराधिक गतिविधियाँ सभी इस बुराई का प्रतीक है। लोग इस बुराई के दलदल में फंसते जा रहे है। बुरे काम करने में उन्हें कोई शर्म नहीं आती फिर वो चोरी हो ,धोखाधडी हो या फिर मारपीट। ये कार्य अब मुंबईकरो के लिए आम बात हो गई है। बुराई का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है इस पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन भी असफल रही है। लोगों की सोच काफी छोटी हो गई है वे सोचते है जिसने बुरा काम किया उसे भगवान सजा देगा या पुलिस। हम क्यों बीच में पड़े? लेकिन ये सोच अब लोगों को बदलनी होगी। इस कलयुग में कोई राम किसी सीता को बचाने के लिए या कोई कृष्ण किसी द्रौपदी की रक्षा करने आगे नहीं आएगा। हर सीता ,द्रौपदी को स्वयं की रक्षा स्वयं करनी पड़ेगी। आज के इस संसार में हर जगह बुराई फैली हुई है इसे मिटाना काफी कठिन है लेकिन नामुमकिन नहीं है। हर स्त्री ने अब अपने लिए खड़े होने की जरूरत है। हर एक औरत किसी दूसरे स्त्री की शक्ति बन सकती है उन्हें कठिन परिस्थिति में लड़ने का साहस दे सकती है। आज की युवा पीढ़ी को ये समझने की जरूरत है कि सिर्फ ऑनलाइन रामायण ,महाभारत देखने से या किताबें पढ़ने से कुछ नहीं होगा। हकीकत में यदि हमें बुराई को मारकर देश में अच्छाई का माहौल लाना है तो बेझिझक आपको आगे आना होगा। यदि रस्ते पर असहाय लड़की दिख रही है तो उसकी मदद करें न कि बीच सड़क पर तमाशा देखें। आप जैसे ४ युवा भी आगे आ जाए तो आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लग सकती है।

हम सब जानते है हमारे मदद के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहती है लेकिन कई बार पुलिस भी समय रहते उस जगह नहीं पहुंच पाती जहां कोई अनहोनी हो रही है। उस समय आप वहां है तो आपको आगे आकर उस परिस्थिति से निपटना होगा। आज की युवा पीढ़ी जैसे सोशल मीडिया पर एक्टिव है उसी तरह असल जिंदगी में भी उन्हें चारो ओर नजर उठाकर चलना होगा। कब आपके साथ कोई अनहोनी हो जाए कह नहीं सकतें इसलिए आप को चौकन्ना रहने की जरूरत है। बुराई पर यदि अच्छाई की विजय चाहिए तो पहले आपको अपने मन का डर अलग करके बुराई के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है तब कहीं सच सामने आएगा और उसकी जीत होगी। दूसरों का इंतजार न करें कि वह आपके लिए लड़ेगा, आपकी मदद करेगा। आज के युग में हर एक लड़के को कृष्ण और हर एक लड़की को दुर्गा बनने की जरूरत है तभी हमारा देश बुराई को हराकर अच्छाई के राह पर चल सकेगा।

# मुंबई में फैली प्रदूषित धुंध की चादर

## मुंबईकरों के स्वास्थ्य के लिए खतरा!

■ होम टाइम्स टीम

बड़े पैमाने पर चल रहे भवनों के निर्माण, सड़क कार्यों और वाहनों के धुएं से होने वाले प्रदूषण के कारण मुंबईकरों का स्वास्थ्य खतरे में है। मुंबई में बड़े पैमाने पर प्रदूषण बढ़ने के कारण यह चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार को पूरे मुंबई में प्रदूषित धुंध की चादर बिछ गई। सुबह तीन से चार घंटे तक कुछ दूरी का नजारा भी नहीं दिख रहा था।

मुंबई में पांच जगहों पर प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया था। इसमें मुलुंड शहर भी शामिल था। मुलुंड में हवा की गुणवत्ता १५० एक्यू थी। सुबह से ही वातावरण में जमी धूल और धुएं के कारण पूरे शहर में कोहरा छाया हुआ था। इससे दृश्यता कम हो गई और ३०० से ५०० मीटर तक धुंधला दृश्य दिखाई दे रहा था। चूंकि सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक तस्वीर एक जैसी थी, इसलिए शहरवासी पूरे दिन 'कोहरे' के बारे में बात करते रहे। भांडुप में क्रमशः १५७ एक्यू और मुंबई में १११ एक्यू ऐसा हवा में प्रदूषण का फैला हुआ था। हवा के प्रदूषण का सबसे ज्यादा स्तर मुंबई के उपनगरों में देखा गया। मुलुंड, भांडुप क्षेत्र में इस समय बड़ी मात्रा में विकास कार्य चल रहा है। इसलिए इस स्थान पर निर्माण के लिए आवश्यक रेत, सीमेंट, पत्थर के साथ-साथ किसी निर्माण को तोड़ने के दौरान उत्पन्न होने वाली धूल, साथ ही सड़क पर बढ़ता यातायात और इसके कारण निकलने वाला धुआं प्रदूषण को बढ़ा रहा है। अब चर्चा है कि मुंबई उपनगर प्रदूषण के मामले में दिल्ली से भी आगे निकल गया है।

**प्रदूषण के स्रोत:**

- बढ़ता निर्माणकार्य , उनसे निकलने वाली धूल
- प्रदूषणकारी उद्योग, उनसे निकलने वाली धूल, वायु प्रदूषण, कचरा, डंपिंग ग्राउंड

"वर्षा ऋतु के बाद भूमि सूखने लग जाती है। इसलिए प्रदूषण, मिट्टी, निर्माण कार्य की धूल हवा में मिल जाती हैं। चूँकि इस समय हवा नहीं चल रही है, हवा में धूल के कण तैरने की वजह से दृश्यता कम होने के कारण मुंबई में धुआं भरा दिखता है।

**– सुनील कांबले,** प्रमुख, मुंबई क्षेत्रीय मौसम विभाग

» पेज १ का शेष

## हर्षोल्लास के साथ मनाया...

यह मूर्ति की कलाकृति बनाने के लिए इस संघ द्वारा हर साल कोलकाता से विशेष कारीगरों और कलाकारों को बुलाया जाता है। महामारी के बाद इस वर्ष यहां १२ फीट की मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा को विराजमान किया गया है । जबकि भगवान गणेश कार्तिकेय, सरस्वती एवं लक्ष्मी माता की ८- फीट की मूर्ति यहां स्थापित की गई थी। नवजीवन संघ की तरफ से समय-समय पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है और यहां आने वाले भक्तों के लिए और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष भोग का भी आयोजन किया गया है। इस वर्ष यहां विशेष बंगाली मिठाई और बंगाली पानीपुरी के स्टॉल भी लगाए जाने वाले है। इतना ही नहीं यहां विशेष आई चेकअप और फुल बॉडी चेकअप कैंप का भी आयोजन किया जाने वाला है। सप्तमी और अष्टमी यानी शनिवार और रविवार को पूजा, पुष्पांजलि, भोग निवेदन और संध्या आरती का आयोजन किया आया है तो वही नवमी के दिन हवन और विजय दशमी के दिन सिंदूर खेला उत्सव का आयोजन भी किया जाने वाला है।

# मुलुंड के सार्वजनिक पंडालों में की गई मां दुर्गा की स्थापना



**बाल गोपाल मित्र मंडल,** वैशाली नगर मुलुंड का ३५वां वर्ष है। हर वर्ष इस स्थान पर नवरात्रि उत्सव मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष नवरात्रि उत्सव सरल तरीके से मनाया जाता है। इस स्थान पर रात में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।



मुलुंड पूर्व स्थित मीठागर रोड **एनएम खेडेकर मित्र मंडल** का यह ५८ वां वर्ष है। इस मंडल की तरफ से इस वर्ष यहां ६ फीट की मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है।



मुलुंड पश्चिम के इंदिरानगर क्षेत्र में स्थित **साईनाथ नवरात्रि उत्सव मंडल** का यह ४५वां वर्ष है। यह देवी मुलुंड में मन्नत मांगने वाली देवी के रूप में प्रसिद्ध है। इस वर्ष यहाँ ६ फुट की देवी की स्थापना की गई है।



मुलुंड पूर्व स्थित **एकवीरा मित्र मंडल** की ओर से भी बीते ४१ वर्षों से सार्वजनिक नवरात्र उत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष यहां ईको फ्रेंडली तरीके से पूरी सजावट की गई है। इस मंडल की ओर से बच्चों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कई अन्य समाज कार्य और मेडिकल कैंप के साथ साथ अष्टमी के दिन महा भंडारा का भी आयोजन किया गया है।



**शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)** द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुलुंड एमजी रोड पर शाखा संख्या १०४ की ओर से नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया है। वर्ष १९९० से यहां देवी की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है और इस देवी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त इस स्थान पर आते हैं।



मुलुंड पूर्व के **श्री साई मित्र मंडल** की ओर से लगातार ३० वर्षों से यह पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष यहां ९ फीट की मां दुर्गा की आकर्षक मूर्ति विराजमान की गई है। यह मंडल मुलुंड ची राजमाता के नाम से भी काफी मशहूर है।

# मुलुंड के सार्वजनिक पंडालों में की गई मां दुर्गा की स्थापना



मुलुंड पूर्व म्हाडा कॉलोनी सार्वजनिक नवरात्रि उत्सव मंडल का यह २९वां वर्ष है। इस स्थान पर प्रशासन द्वारा दिए गए नियमों का पालन करते हुए बहुत ही अनुशासित तरीके से नवरात्रि उत्सव मनाया जाता है। इस स्थान पर देवी की छह फीट की मूर्ति स्थापित की गई है। नवरात्री के ९ दिनों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।



मुलुंड पश्चिम गौशाला रोड पर जय नवदुर्गा रेणुका मित्र मंडल द्वारा २१ सालों से नवरात्रि उत्सव की धूम मची हुई है। यह मंडल का पूरा कारोबार किन्नर समाज द्वारा संभाला जाता है। इस मंडल में विशालकाय १७ फीट ऊंची देवी की मूर्ति स्थापित की गई है। मंडल की अध्यक्षा रेणुका राठौड़ उपाध्यक्ष आकाश शिंगाना है। मंडप के भीतर देवी के तमाम तस्वीरें लगाई गई है। मंडल द्वारा हवन पूजा व भंडारे का आयोजन इस दौरान किया जाता है।



मुलुंड में नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बरकरार है और कई पंडालों ने मां दुर्गा की मूर्ति विराजमान की है। मुलुंड के आदर्श तरुण मित्र मंडल की ओर से इस वर्ष यहां साढ़े ७ फीट की मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है। इस मंडल की ओर से सार्वजनिक डांडिया और गरबा का भी आयोजन किया जा रहा है साथ ही मां दुर्गा की समय-समय पर पूजा अर्चना भी मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा की जाती है।



मुलुंड पश्चिम संतोषी माता मंदिर में भव्य तरीके से नवरात्र उत्सव का पर्व मनाया जाता है। जहां पूरे मंदिर में रोशनी की गई है और श्रद्धालु भारी संख्या में मां दुर्गा के दर्शन लेते नजर आ रहे हैं।

# मुलुंड के सार्वजनिक पंडालों में की गई मां दुर्गा की स्थापना



**दुर्गा शक्ति मित्र मंडल** की ओर से भी बीते १९ सालों से सार्वजनिक नवरात्रि उत्सव का पर्व मनाया जा रहा है इस वर्ष यहां ७ फीट की मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है और मंडल के कार्यकर्ताओं की ओर से समय-समय पर माता रानी की पूजा भी की जाती है।



मुलुंड पूर्व में बीते ४४ सालों से **मुलुंड पूर्व नवरात्र मित्र मंडल** की ओर से सार्वजनिक नवरात्रि उत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। यहां हर दिन गरबा और डांडिया का भी आयोजन किया जाता है।



**संतोषी माता सांस्कृतिक कला मित्र मंडल** की ओर से मुलुंड पश्चिम एलबीएस रोड पर एलबीएस ची मावली स्थापित की गई है। इस वर्ष या १० फीट की देवी मां की मूर्ति विराजमान की गई है और मंडल के कार्यकर्ताओं की ओर से समय-समय पर महादेवी की पूजा अर्चना भी की जा रही है।



मुलुंड पश्चिम गौशाला रोड स्थित **उत्तम भावी संस्था** द्वारा बीते १४ सालों से सार्वजनिक नवरात्रि उत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। यह पंडाल '**मुलुंड ची आई तुलजा भवानी**' के नाम से भी काफी चर्चित है। इस वर्ष यह ७.५ फीट की मूर्ति को विराजमान किया गया है।




मुलुंड पश्चिम गौशाला रोड स्थित **आजाद मित्र मंडल** की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक नवरात्र उत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष यहां साढ़े पांच फीट की मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है।



मुलुंड पश्चिम डंपिंग रोड पर **अचानक मित्र मंडल** की ओर से १४ फीट की मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है जो कि सड़कों से गुजरने वाले नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।





हर वर्ष की तरह इस वर्ष पर मुलुंड के कालिदास मैदान में प्रेरणा रस गरबा का आयोजन किया गया है। भारी संख्या में गरबा प्रेमी इसका लुफ्त उठाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और कलाकार अपनी उपस्थित दर्ज करा रहे है।





# अब प्रीपेड बिजली का उपयोग करें

## चरणबद्ध तरीके से प्रीपेड बिजली मीटर लगाने की तैयारी

■ **होम टाइम्स टीम**

राज्य भर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। जो बिजली उपभोक्ताओं को अपनी पसंद के अनुसार बिजली की खपत की लागत निर्धारित करने में सक्षम बनाएगी। कुछ महीनों में चरणबद्ध तरीके से इन मीटरों को स्थापित कर चालू कर दिया जाएगा।

महावितरण के २ करोड़ ४१ लाख उपभोक्ताओं के बिजली मीटर में बड़ा बदलाव होने वाला है। परंपरागत मीटरों की जगह प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। ये मीटर लगने के बाद ग्राहक मोबाइल फोन की तरह बिजली का भुगतान कर बिजली का इस्तेमाल कर सकेंगे। वे तय कर सकते हैं कि बिजली पर कितना खर्च करना है। इस सिस्टम में उपयोग होने वाली बिजली की मात्रा की जानकारी मोबाइल पर देखी जा सकेगी।

**क्या होंगी सुविधाएं:**


♦ जब स्मार्ट मीटर में ग्राहक द्वारा भुगतान की गई राशि खत्म हो जाएगी तो बिजली आपूर्ति बाधित हो जाएगी। हालाँकि, ग्राहकों के लिए नया भुगतान करना आसान होगा क्योंकि उन्हें पहले से ही अपने मोबाइल पर बिजली के उपयोग का पता है और यह भी पता होगा कि कितना पैसा बचा है।

♦ घर बैठे मोबाइल फोन से ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा है। पैसा खत्म होने पर ग्राहक के मोबाइल पर मैसेज आने की भी व्यवस्था है। यदि किसी ग्राहक का बिजली बिल आधी रात में खत्म हो जाता है तो रात में अचानक बिजली आपूर्ति बंद नहीं की जाएगी। शाम ६:०० बजे से सुबह १०:०० बजे के बीच, भले ही पैसा खत्म हो जाए, बिजली की आपूर्ति जारी रहेगी।

♦ ग्राहक को अगले दिन सुबह १०:०० बजे तक भुगतान करना होगा और बिजली की आपूर्ति जारी रखनी होगी। मीटर में ऐसी सुविधा है जो पैसे खत्म होने पर उपयोग की गई बिजली की मात्रा काट लेगी।

**नि:शुल्क लगेंगे मीटर:**

नया प्रीपेड स्मार्ट मीटर मुफ्त मिलेगा। मीटर की लागत केंद्र सरकार के साथ-साथ महावितरण द्वारा प्राप्त सब्सिडी से पूरी की जाएगी






# मुलुंड में दर्ज किए गए डेंगू के ५२ मामले, प्रशासन की बढ़ी चिंता

## मलेरिया के भी २७ मामले है दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

मच्छर जनित बीमारियों ने मुंबईकरों की नींद उड़ा दी है। बारिश के बाद भी मच्छर जनित बीमारियां जैसे मलेरिया और डेंगी के लक्षण लोगों में देखने को मिल रहे हैं। १८ दिनों के भीतर मुलुंड में डेंगू के ५२ और मलेरिया के २७ मामले दर्ज किए जाने से टी वार्ड प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। एक तरफ जहां महानगर पालिका की ओर से समय समय पर धुंआ मारने और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ नागरिकों से भी इन बीमारी को लेकर सावधानी बरतने की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुंबई में मानसून का महीना अब खत्म हो गया है। परंतु मानसून के बाद भी मुंबई में डेंगू, मलेरिया के बढ़ते मामलों ने नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। मुंबई में मलेरिया, डेंगू, लेप्टो, स्वाइन फ्लू के मामले एक हफ्ते में लगभग दोगुने हो गए हैं। आंकड़ों की माने तो १ अक्टूबर से लेकर ८



अक्टूबर तक मुंबई भर में मलेरिया के २११ मामले दर्ज है जबकि डेंगू के ढाई सौ मामले दर्ज किए गए हैं। मुलुंड की बात करें तो मुलुंड टी वार्ड में डेंगू के १८ दिनों में ५२ मामले दर्ज किए गए हैं जबकि मलेरिया के २७ मामले दर्ज किए गए हैं। लगातार बढ़ रहे इन मामलों को लेकर एक तरफ जहां मुंबई महानगरपालिका की ओर से उपाय योजना किये जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नागरिकों से भी बढ़ते बीमारियों को देखते हुए सावधानी बरतने की अपील की गई है और लक्षण पाए जाने पर अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर उपचार करवाने की भी मांग मुंबई महानगरपालिका की ओर से की गई है।

### बढ़ रही मरीजों की संख्या

मुंबई में इस वर्ष मानसून शुरू होने के बाद मच्छर जनित बीमारियों से ग्रसित होने वाले आंकड़ों में जितना इजाफा देखने को मिला है, इतना ही नहीं यह इजाफा मानसून समाप्त होने के बाद भी नहीं कम हो रहा है। तो वहीं दूसरी तरफ मनपा स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्टिंग यूनिट्स बढ़ा दी है, जिससे समय रहते जांच हो पा रही है और अधिक मामलों का पता चल रहा है। लेकिन जिस गति से प्रभावितों की संख्या बढ़ रही है, वह चिंताजनक भी है।

### डेंगू से बचने के उपाय

- घर के आसपास या घर के अंदर भी पानी न जमा होने दें।
- कूलर में अगर पानी है, तो इसमें कैरोसिन तेल डालकर रखें, इससे मच्छर पनपने की संभावना कम हो जाती है।
- पानी की टंकियों को खुला न छोड़े, अच्छी तरह ढककर रखें।
- इन दिनों फुल स्लीव और पैरों को ज्यादा से ज्यादा ढकने वाले कपड़े पहनें।

### डेंगू को लेकर नागरिकों में जागरूकता होना जरुरी

मुंबई महानगरपालिका की ओर से की जा रही मच्छरों के खिलाफ कार्रवाई के अलावा अब लोगों का जागरूक होना भी बहुत जरूरी है। डेंगू से किस तरह से बचा जा सकता है इस पर ध्यान देना काफी जरुरी है।

# वर्ष २०२६ में नागरिकों के लिए शुरू की जाएगी मुलुंड से घोड़बंदर तक मेट्रो की सुविधा

■ होम टाइम्स टीम

ठेकेदार की तरफ से किए जा रहे काम कछुआ गति से होने के चलते अब मुलुंड से घोड़बंदर तक के मेट्रो के सफर के लिए नागरिकों को और इंतजार करना पड़ेगा। वर्ष २०२६ तक मेट्रो ४ के पहले फेस को शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है ।

उल्लेखनीय है कि ठाणे को मुंबई से जोड़ने वाली मेट्रो लाइन पर दो फेस में मेट्रो की सेवाएं शुरू होगी। पहले फेस में मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण यानी एमएमआरडीए वर्ष २०२५ तक मेट्रो ४ कॉरिडोर के पहले फेस पर मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। आपको बता दे की मुलुंड से ठाणे के घोड़बंदर रोड पर मेट्रो लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पथ



पर है। मुलुंड फायर स्टेशन से लेकर माजीवाड़ा जंक्शन के बीच सात स्टेशनों का निर्माण किया जाने वाला है। जिनमें मुलुंड फायर स्टेशन, मुलुंड चेक नाका, तीन हाथ नाका, आरटीओ ठाणे, महानगरपालिका मार्ग, कैडबरी जंक्शन और माजीवाडा स्टेशन शामिल है। इससे ठाणे वासियों के साथ ही मुलंडकरों का सफर काफी आसान होने वाला है साथ ही नागरिकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।

लेकिन यह यात्रा इतने जल्दी सुगम होती नहीं दिख रही है क्योंकि ठेकेदार की लापरवाही के कारण एलबीएस मार्ग व अन्य स्थानों पर मेट्रो का कार्य बीते कई महीनों से कछुआ गति से किया जा रहा है। जिसके बाद एमएमआरडीए की ओर से सब कांट्रेक्टर के जरिए रुके हुए कार्यों को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। जिसके बाद मेट्रो के इस रूट पर सफर करने के लिए हालांकि यात्रियों को वर्ष २०२६ तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें


## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक



‘सुजोक’




डॉ. मोनिशा रावत

# मेनोपॉज-इन्सोमनिया (अनिद्रा)...

## बिना दवाई और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलाज और रोकथाम प्राकृतिक तरीके से - ५

**यह समस्या गंभीर है। इससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक परिणाम हो सकते है।**

मेनोपॉज के चरण के दौरान महिलाओं के शरीर में विभिन्न लक्षणों के साथ बहुत सारे बदलाव होते है और उनमें से एक है इन्सोमनिया (अनिद्रा)। अनिद्रा एक ऐसी स्थिति है जब रात को सोने में परेशानी होती है। नींद न आना और सोते रहना भी मुश्किल हो जाता है। परन्तु सौभाग्य से इस अनिद्रा के लक्षणों का इलाज प्राकृतिक रूप से किया जा सकता है।

### मेनोपॉज और अनिद्रा

पेरिमेनोपॉज चरण के दौरान जो मूल रूप से मेनोपॉज की शुरुआत है, जिसमें ओव्हरीज (अंडाशय), एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टोन और प्रजनन हार्मोन का कम मात्रा में उत्पादन करना शुरू कर देते हैं। इसके परिणामस्वरूप अनिद्रा सहित कई ओर लक्षणों के साथ शरीर में शारीरिक और इमोशनल स्तर पर कई परिवर्तन होते है, रात को पसीना आना और हॉट-फ्लैशेस भी नींद में खलल डालते हैं। समय के साथ अनिद्रा पूरे स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

### इलाज और रोकथाम

हमारे मोनिशाज मंत्रा में हमने कई महिलाओं को निम्नलिखित तरीके से मेनोपॉज के दौरान होने वाली अनिद्रा की समस्या से उबरने में मदद की है वह भी बिना दवाई और बिना किसी साइड इफेक्ट के






१. दिनभर, शारीरिक रूप से एक्टिव रहना
२. चिंता और मुड़-स्विंग, मेनोपॉज के सामान्य लक्षण है, जो नींद के पैटर्न/चक्र को बाधित कर सकते हैं इसलिए नियमित रूप से योग-प्राणायाम और स्माइल मेडिटेशन का अभ्यास करना।
३. देर रात भारी भोजन करने से बचना, क्योंकि इससे हाइपर एसिडिटी हो सकती है, जो बदले में नींद को प्रभावित कर सकती है।
४. रात में शराब, कैफीन और कार्बोनेटेड पेय, पदार्थों से बचना, जो नींद के साइकिल को प्रभावित कर सकते है।
५.अनुशासित नींद पैटर्न का पालन करना।

### इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल

१. ऑनलाइन इंटरनेशनल -मेरिडियन सुजोक- Ki (लेवल -II) 01/11 to 10/11/2023
२. ऑनलाइन-सुजोक-बेसिक (लेवल -I) 29/11 to 08/12/2023
३. रेसिडेंशियल, मेरिडियेन सुजोक Ki (लेवल -II) 2/12 to 4/12/2023
४.ऑफलाइन-सुजोक-बेसिक Ki (लेवल -I) 09/12 to 11/12/2023
५. ऑनलाइन -मेरिडियन सुजोक- Ki (लेवल -II) 18/12 to 28/12/2023
LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.

### सुजोक थैरापी




अ) सोने से पहले हाथ के अंगूठे पर ब्रेन से संबंधित हिस्से पर सुजोक रिंग से एक मिनट तक मालिश करना (चित्र १ में दर्शाये अनुसार)




ब) हाथ के अंगूठे पर मालिश करने के बाद उत्तेजित ब्रेन पाइंट पर चिपकाने वाले टेप पर खसखस लगाकर चिपकाना (चित्र २ में दर्शाये अनुसार)

**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक ‘मोनिशाज मंत्रा’मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार ‘सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी’. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल -** I, II, III & IV
Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019
NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19
Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR
Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS
Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times
An ISO Certified Centre at Mumbai
Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592



सुनिता देसाई


# राशिफल

Saturday, 21st Oct to 27th Oct 2023


२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॉंड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्सु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.
+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com




**मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** स्थितियों में सुधार होगा और आप संतुष्ट महसूस करेंगे।
**सलाह:** १) ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए ऊँचा सोचें। २) बैंगनी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी जरूरतों पर ध्यान दें।





**कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपके लिए कोई यात्रा का योग है। आप उद्देश्यपूर्ण ढंग से यात्रा करेंगे।
**सलाह:** १) किसी पवित्र स्थान या मंदिर के दर्शन करें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी शक्ति पर ध्यान दो।




**तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** आप अपना रास्ता बदलेंगे और नई चीज़ें और सफलता आसानी से पाएंगे।
**सलाह:** १) इस सप्ताह बाहर का खाना न खाएं। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी ताकत पर ध्यान दें।




**मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** आप कई मामलों में खुद को शक्तिशाली महसूस करेंगे और लोग आपका समर्थन करेंगे।
**सलाह:** १) अपने पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों को दान करें। २) गुलाबी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने लक्ष्य पर ध्यान दें।




**वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** धन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा तथा जब आप धन चाहेंगे तो नहीं मिलेगा।
**सलाह:** १) कुछ भी निर्णय लेने से पहले दो बार सोचें। २) नारंगी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी संतुष्टि पर ध्यान दें।




**सिंह** (म, ट)
**भविष्यवाणी:** आपको लोगों और अपनी भावनाओं और ऊर्जा को नियंत्रित करने की शक्ति मिलेगी।
**सलाह:** १) नए लोगों से ज्यादा बात न करें। २) नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी भावनाओं पर ध्यान दें।





**वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** आपको कुछ रहस्यों के बारे में पता चलेगा और आप निर्णय लेने में सक्षम होंगे।
**सलाह :** १) किसी जरूरतमंद व्यक्ति को अनाज दान करें। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने गुस्से पर ध्यान दें।




**कुंभ (ग, स, श)**
**भविष्यवाणी:** आप कई बार भ्रमित होंगे। सफलता तो मिलेगी लेकिन कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ।
**सलाह:** १) कुछ भी नया करने से पहले दो बार सोचें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें।३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें।




**मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आपकी वाणी आपकी ताकत बनेगी और कोई आपकी प्रशंसा करेगा।
**सलाह:** १) जाकर कुछ बुजुर्ग रिश्तेदारों से मिलें। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने आराम पर ध्यान दें।




**कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आप भ्रमित रहेंगे क्योंकि चीज़ें बहुत तेज़ी से बदलेंगी।
**सलाह:** १) जिन लोगों का आप सम्मान करते हैं उनकी आज्ञा मानें। २) बैंगनी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी भावनाओं पर ध्यान दें.




**धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह धन में कुछ सुधार होगा और आपका दृष्टिकोण आपकी मदद करेगा।
**सलाह:** १) नकारात्मक होने पर अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने काम पर ध्यान दें।




**मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** मानसिक शांति और संतुष्टि पाने का कोई बेहतर तरीका आपको मिलेगा।
**सलाह:** १) बहस से बचें और लोगों की राय समझने की कोशिश करें। २) गहरे नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने विश्वास पर ध्यान दें।

# अरब सागर में चक्रवात तूफान 'तेज' का खतरा

## रविवार के बाद मुंबईकरों को मिल सकती है गर्मी से राहत

■ होम टाइम्स टीम

दरअसल अरब सागर के दक्षिण पूर्व में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले दो-तीन दिनों में तेज चक्रवात में बदल सकता है। अभी इसकी तीव्रता का अंदाजा नहीं है, लेकिन भारत मौसम विभाग (आईएमडी) का मानना है कि धीरे-धीरे यह प्रबल हो सकता है। फिलहाल, इसकी निगरानी की जा रही है। अरब सागर के समानांतर बंगाल की खाड़ी में भी निम्न दबाव का एक क्षेत्र विकसित हो रहा है। इसके भी मजबूत होते जाने की आशंका जताई जा रही है। अरब सागर की स्थितियां यदि चक्रवात में बदलती हैं तो ६० किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मुंबई, गोवा, पुणे एवं आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ वर्षा हो सकती है। इस बीच, मुंबई में बुधवार को अधिकतम तापमान ३६.४ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस साल अक्टूबर महीने में अब तक का सबसे ऊंचा पारा स्तर है। हालांकि इस तेज तूफान के चलते मुंबई में तेज हवा और बारिश की आशंका जताई जा रही है। जिसके चलते नागरिकों को तब दबाती गर्मी से राहत मिलेगी।

# वीकेंड पर रेलवे से यात्रा करने वालों को रेलवे स्टेशनों पर नहीं मिलेगा पानी

## डेढ़ साल में छठवीं बार रेलवे स्टेशनों से गायब हुई रेल नीर को बोतले

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड सहित मध्य, पश्चिम और हार्बर रेलवे लाइन पर स्टेशनों से रेल नीर की बोतल एक बार फिर गायब हो गई है। १६ अक्टूबर से लेकर २२ अक्टूबर तक रेलवे स्टेशनों पर पानी की बोतल की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जिसके चलते रेलवे से यात्रा करने वाले नागरिकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड यानी (आईआरसीटीसी) की ओर से एक बार फिर रेलवे स्टेशनों पर बेचे जाने वाले 'रेल नीर की बोतल बंद पानी' की सप्लाई प्रभावित हुई है। आईआरसीटीसी द्वारा संबंधित विभागों की ओर से ली गई जानकारी में यह बताया जा रहा है कि जो प्लांट अंबरनाथ में स्थित है, उस मौजूदा प्लांट में मेंटेनेंस का काम शुरू है। परंतु प्लांट में काम करने वाले मजदूर के वेतन वृद्धि नहीं होने के चलते काम ठप होने की जानकारी भी अब सामने आ रही है। आपको बता दें कि मध्य रेलवे पर सीएसएमटी से कर्जत/ कसारा तक और पश्चिम रेलवे पर विरार से लेकर चर्चगेट स्टेशनों और हार्बर लाइन के कई स्टेशनों पर इसका असर देखने को मिलेगा। यह पानी की बोतल की सप्लाई १६ अक्टूबर से लेकर २२ अक्टूबर तक इन स्टेशनों पर प्रभावित रहेगी। स्टेशनों पर मिलने वाले इस रेल नीर की बोतलों के प्रभावित होने के चलते अब अक्टूबर हीट में यात्रा करने वाले रेलवे प्रवासियों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हालांकि रेलवे प्रशासन की ओर से इस पर जल्द से जल्द उपाय योजना करने की बात कही गई है।

# गणेश विसर्जन के दिन बिछड़े मां और बेटे वापस मिले

## टी-शर्ट की बदौलत मां से दोबारा हुई मुलाकात

■ होम टाइम्स टीम

लापता बच्चा सिर्फ एक टी-शर्ट की वजह से अपनी मां से वापस मिलने की घटना खिंडीपाडा इलाके में घटित हुई है। गणेश विसर्जन के दौरान भांडुप के विसर्जन स्थल से एक १२ साल का बालक अपनी मां से बिछड़ गया था। चूँकि लड़का बोल नहीं सकता था, इसलिए वह दूसरों को अपनी पहचान नहीं बता सका। लेकिन भगवान के घर देर है अंधेर नहीं और १५ दिन तक अपनी मां से दूर रहे बच्चे की पहचान एक टी-शर्ट से हुई।

इस बारे में अधिक जानकारी यह है कि खिंडीपाड़ा इलाके में रहने वाला एक बारह वर्षीय लड़का अनंत चतुर्दशी के दिन लापता हो गया था। वह लड़का जो वाहन मिला उसमें बैठकर भांडुप के बाहर निकल गया था । उसकी मां ने भांडुप के साथ-साथ आसपास के इलाकों मुलुंड में भी ढूंढने के प्रयास किया था। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसलिए उसने भांडुप पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पन्द्रह दिन बीत गए लेकिन उसका कहीं पता नहीं लग पाया था। १६ अक्टूबर को अचानक स्वर्गीय दीनाबामा पाटिल के पोते कौशिक पाटिल को भिवंडी से उनके मोबाइल पर फोन आया कि आपके नाम की टी-शर्ट पहने एक बारह वर्षीय लड़का भिवंडी में मंदिर के पास बैठा है। ऐसा लग रहा है कि वह खो गया है। इसलिए आप अपने विभाग में पता कीजिये। तदनुसार, जब कौशिक पाटिल ने अपने विभाग में पूछताछ की, तो उन्हें पता चला कि उनके विभाग का एक लड़का लापता है। उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए बच्चे की पहचान की और कार्यकर्ताओं के साथ बच्चे को लाने के लिए भिवंडी पहुंच गए। वे लड़के को भांडुप ले आए और उसे उसकी मां को सौंप दिया। जब उसका बेटा पंद्रह दिन बाद घर लौटा तो माँ की आँखों में आँसू आ गए। ये लड़का भिवंडी के एक मंदिर में बैठा था। वहां मौजूद व्यक्ति को एहसास हुआ कि लड़का गुम हो गया है। उन्होंने उससे पूछताछ करने की कोशिश की। लेकिन वह कुछ नहीं कह पाया। आख़िरकार उसके कपड़ों पर कौशिक पाटिल लिखा हुआ था। उसी नाम के आधार पर लड़के के परिवार की तलाश करने का फैसला किया गया। आसपास पूछताछ करने पर उन्हें पता चला कि कौशिक पाटिल नाम का व्यक्ति भांडुप का रहने वाला होगा। तो उस व्यक्ति ने कौशिक पाटिल का मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनसे संपर्क किया और मामले की जानकारी दी।इसके बाद भांडुप का यह खोया हुआ लड़का अपनी मां के पास पहुंच गया।

# आनंद नगर टोल बूथ पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध लेकिन टोल की बढ़ती कीमतों पर कोई निर्णय नहीं






**■ होम टाइम्स टीम**

वर्तमान में ईस्टर्न एक्सप्रेस वे पर आनंद नगर टोल प्लाजा के पास काफी रोशनी देखने को मिल रही है । टोल दरों में बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शनकारियों द्वारा टोल केबिन जलाए जाने के बाद टोल कंपनी की ओर से यहां विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। हरिओम नगर के निवासियों को टोल से मुक्ति दिलाने के लिए फ्लाईओवर के निर्माण का भी वादा किया गया है।

कुछ दिन पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने आनंद नगर टोल गेट पर टोल मूल्य वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। आंदोलन के दौरान उक्त केबिन में से एक केबिन में जलता हुआ टायर फेंक कर केबिन को जलाने का प्रयास किया गया था। तब जाकर टोल कंपनी और प्रशासन की नींद खुली। प्रशासन की ओर से मंत्री दादा भुसे को टोल का निरीक्षण करने के लिए यहां भेजा गया था। टोल प्रशासन और सरकार ने टोल बूथों पर सीसीटीवी, ३०० मीटर की दूरी पर पीली लाइन, क्षेत्र में शौचालय का प्रावधान, जल आपूर्ति और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने का वादा किया था। मुलुंड हरिओम नगर के निवासियों को टोल से मुक्त करने के लिए एक सीधा फ्लाईओवर बनाने का भी वादा किया है। मंत्री दादा भुसे के दौरे के बाद टोल प्रशासन ने बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना शुरू कर दिया है। मुलुंड मनसे उपाध्यक्ष सत्यवान दलवी और उनके कार्यकर्ताओं ने मुलुंड के आनंद नगर टोल बूथ का भी दौरा किया और टोल क्षेत्र में प्रदान की गई बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। टोलबूथ से ३०० मीटर दूर पीली पट्टी, सीसीटीवी, पानी की व्यवस्था और मोबाइल सार्वजनिक शौचालय कैसे बनाए गए हैं इसकी समीक्षा भी की। मनसे ने टोल कंपनी के कार्य संचालन पर नजर रखने के लिए इस टोल बूथ पर सीसीटीवी लगाया है। तो अब मनसे कार्यकर्ता अपने अलग कैमरे से देख सकते हैं कि इस चेकपॉइंट पर कैसे काम चल रहा है। हालांकि, अभी तक इस बात पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया है कि टोल रेट बढ़ोतरी वापस ली जाएगी या नहीं। वहीं दूसरी तरफ इस मूल्य वृद्धि को कब वापस लिया जाएगा इस पर सबकी नजर है।

# भांडुप के जल उपचार संयंत्र में मिला मगरमच्छ का बच्चा



**■ होम टाइम्स टीम**

बुधवार सुबह भांडुप कॉम्प्लेक्स वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में एक मगरमच्छ का बच्चा मिला। यहां सक्षम पाइप सेक्शन में यह बच्चा मिलने से यहां काम करने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। लेकिन पशु मित्रों ने उसे पकड़ लिया और उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया।

विहार, तुलसी झील मगरमच्छों से भरी है। इस झील में मगरमच्छ अक्सर झील क्षेत्र में देखे जाते हैं। बुधवार (१८ अक्टूबर) को यहां के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में ऐसा नजारा देखने को मिला। यहां के सक्षम पाइप इलाके में एक कर्मचारी को करीब डेढ़ फीट लंबा मगरमच्छ का बच्चा मिला। उन्होंने तुरंत इस संबंध में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। इस संबंध में वरिष्ठजनों ने पशु मित्रों को बुलाया। अमन संस्था के दो पशु मित्र हसमुख वळंजू और अमन खान सक्षम पाइप के पास पहुंचे और डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ के बच्चे को सफलतापूर्वक बचाया। मगरमच्छ के बच्चे को चिकित्सा उपचार दिया गया और उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया गया। सक्षम पाइप के जिस क्षेत्र में घटना घटी वहां बड़ी मात्रा में पानी था। इसलिए पहले पानी निकाला गया और फिर मगरमच्छ के बच्चे को बचाया गया। अगर समय रहते मगरमच्छ को बाहर नहीं निकाला गया होता तो आसपास के सक्षम पाइप क्षेत्र में मशीनरी की चपेट में आने से बच्चे की मौत हो सकती थी । लेकिन किस्मत से उसे समय पर मदद मिल गई। लेकिन इस मगरमच्छ के बच्चे के सीधे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में घुस जाने से यहां के कर्मचारियों में कुछ देर के लिए भगदड़ मच गई थी। इस बीच, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मगरमच्छ के बच्चे ने पास के तुलसी या विहार झील से जल उपचार संयंत्र में प्रवेश किया होगा।

# बोलबच्चन गिरोह का सरगना मंचेकर गिरफ्तार

## मंचेकर लूटी गई संपत्ति का करता था निपटान

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पुलिस ने एक ऐसी तिकड़ी का भंडाफोड़ किया है जो वरिष्ठ नागरिकों को अपने जाल में फंसाती थी और उन्हें लूटती थी। इनमें से दो आरोपियों को मुलुंड पुलिस ने पकड़ लिया था , लेकिन इन आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर था। आखिरकार १७ अक्टूबर को पुलिस मुख्य आरोपी को पकड़ने में कामयाब हो गई। इस गिरोह का सरगना दिनेश मंचेकर है।

बताया जा रहा है कि ११ सितंबर को मुलुंड एमजी रोड के एक वरिष्ठ नागरिक शशि नायर अपनी पत्नी के कपड़े एक दर्जी को देने गए थे, तभी वहां दो-तीन अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और उनके पास जाकर कहने लगे कि वे उनके पुराने दोस्त हैं। उन्हें बातों में उलझाकर उनके गले से दो तोले (करीब ६० हजार रुपये) वजनी सोने की चेन उतार ली और बैग में रखने का नाटक किया। लेकिन उन्होंने चालाकी से वह चैन अपने पास रखी और शशि नायर को धोखा दिया। जिसके बाद मुलुंड पुलिस ने दर्ज की गई शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों आकाश राजेंद्र लोहेरा और सुदेश तानाजी महादे को गिरफ्तार किया और पुलिस हिरासत में लेकर उनसे अधिक जानकारी हासिल की।

दोनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी दिनेश मंचेकर को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि मंचेकर के पास चुराई हुई संपत्ति थी। चूंकि उक्त आरोपी ऑन रिकॉर्ड था इसलिए वह बार-बार अपना निवास स्थान बदल रहा था, जिस वजह से तकनीकी जांच का उपयोग किया गया। इसमें अभियुक्तों द्वारा पूर्व में उपयोग किये गये एवं वर्तमान में बंद किये गये विभिन्न मोबाइल नंबरों की सीडीआर का विश्लेषण किया गया। उनमें से सबसे अधिक कॉल करने वालों से संपर्क करके और उन्हें विश्वास में लेकर गुप्त संवाददाता बनाए गए। गुप्त मुखबिरों के साथ लगातार संपर्क में रहकर कुशलतापूर्वक आरोपी की जांच करने के बाद, जाल बिछाया गया और उसे नेवली नाका, कल्याण ठाणे से गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई और आसपास के इलाकों में कई जगहों पर दिनेश मंचेकर के ऊपर केस दर्ज है।

# मुलुंड में विश्व कप मैच पर सट्टा, एक गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड की एक टेलीकॉम दुकान में वर्ल्ड कप मैचों पर सट्टा लगाने का मामला सामने आया है। मुलुंड पुलिस ने इन सट्टेबाजों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

१७ अक्टूबर को मुलुंड पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि मुलुंड की एक टेलीकॉम दुकान में सट्टा बाजार चल रहा है। इस जगह पर यह सट्टा बाजार कई सालों से चल रहा है। इसलिए इस जगह पर कार्रवाई होनी चाहिए। तदनुसार मुलुंड पुलिस ने एक टीम बनाई और दोपहर ३:०० बजे के बीच टू टेलीकॉम पर छापा मारा। छापे के दौरान बैटिंग का सामान जब्त किया गया। मयूर झाडवा नामक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जुआ रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस साल मुलुंड में क्रिकेट बैटिंग एक्शन की यह पहली घटना है।

# खिचड़ी घोटाले मामले में मुलुंड सहित अन्य जगहों पर ईडी ने मारा छापा

■ होम टाइम्स टीम

बुधवार को ईडी की तरफ से मुलुंड सहित मुंबई भर में कुल ७ जगहों पर छापा मारा गया। जिसमें मुंबई महानगर पालिका के डिप्टी कमिश्नर के साथ साथ अन्य ५ ठेकेदार भी शामिल है।

कोरोना काल के दौरान नागरिकों को दिए जाने वाले खिचड़ी में उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेताओं की और से करोड़ों रुपए का घोटाला किए जाने का आरोप भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने लगाया था। इस मामले में एजेंसियों की और से निष्पक्ष जांच करने की मांग भी की गई थी। इसी कड़ी में बुधवार को मुलुंड सहित मुंबई भर में कुल ७ जगहों पर ईडी की और से छापा मारा गया। जिनमें मुलुंड पश्चिम स्थित स्नेहा कैटरर्स एंड डेकोरेशन और गोल्डन स्टार हॉल एंड बैंक्वेट का समावेश है। इसके अलावा छापे में परेल में वैष्णवी किचन/सह्याद्री रिफ्रेशमेंट, गोरेगांव में पर्शियन दरबार होटल संचालित करने वाली एफएनजे एंटरप्राइजेज, फायर फाइटर जैसे ठेकेदारों और उप ठेकेदारों के परिसरों को भी बड़े पैमाने पर शामिल किया गया। गोवंडी में उद्यम, और चेंबूर में वेस्टर्न इंडिया लॉजिस्टिक्स का भी समावेश है। आप को बता दें कि ईडी ने अपनी मनी-लॉन्ड्रिंग जांच मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की सितंबर की पहली सूचना रिपोर्ट के आधार पर शुरू की, जिसमें आरोप लगाया गया कि मामले में ६.३७ करोड़ रुपये की अनियमितताएं थीं।

Volume : 8 | Issue : 30 होम टाइम्स

# होटल कर्मचारी की तरफ से कुत्ते पर चॉपर से हमला करने के बाद हुई कुत्ते की मौत

**●जुर्म में दो आरोपी हुए गिरफ्तार ●जानवरों पर बढ़ रहे अत्याचार को लेकर बनाया जाए सख्त कानून : प्राणी मित्रों की मांग**

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व के एक चाइनीस होटल में आवारा कुत्ते पर चॉपर से हमला करने और उसे मौत के घाट उतारने के जुर्म में होटल मालिक और होटल में काम करने वाले नौकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि जमानती अपराध होने के चलते इन्हें जमानत भी दे दी गई है। लगातार बढ़ रहे इस तरीके के मामलों को देखते हुए इस संदर्भ में सख्त कानून बनाए जाने की मांग प्राणी मित्रों की ओर से की गई है।

मुलुंड पूर्व स्थिति ओसियन चाइनीस में काम करने वाले नौकर और उसके मालिक की ओर से एक आवारा कुत्ते पर चॉपर से हमला किया गया था। हालांकि



उपचार के दौरान अस्पताल में कुत्ते की मौत हो गई थी। इस हमले का एक सीसीटीवी तेजी से सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है। इस मामले में नीरज नेपाली और शंकर अगरकर पर आईपीसी की धारा ३४, ४२८ और एनिमल क्रुएल्टी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था। जिसके बाद यह दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और जमानती अपराध होने के चलते इन दोनों आरोपियों को जमानत भी दे दी गई। परंतु बेजुबान प्राणियों पर हो रहे अत्याचार और इस बीच मुलुंड पूर्व में उजागर हुई इस घटना के बाद इस तरीके की घटना को लेकर सख्त कानून लाने की अपील प्राणी मित्रों की ओर से की जा रही है। वहीं नागरिकों की माने तो उनके अनुसार बेजुबान जानवरों के साथ क्रूरता की जगह अगर प्यार से पेश आया जाए तो वे कभी आपको नुकसान नहीं पहुंचाते। इसलिए आवारा हो या पालतू प्राणी सभी से शांति और प्यार से बर्ताव करें।

# असली बता कर नकली सोने के जेवरात बेच कर भांडुप निवासी को लगाया गया ५ लाख का चूना

## नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

शुरुआत में असली सोने के जेवरात दिखाकर अंत में नकली सोने के जेवरात बेचकर भांडुप निवासी को ५ लाख से अधिक का चूना लगाया गया है। इस मामले में नवघर पुलिस तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गणेश पेडनेकर भांडुप का रहिवासी है। ७ तारीख को शिकायतकर्ता मरोल बस डिपो के पास अपना काम कर रहा था, इसी बीच राजू नामक व्यक्ति उसके पास आया और कहने लगा कि वह भोपाल का मूल निवासी है और विक्रोली में एक ठेकेदार के पास काम करता है। राजू ने शिकायतकर्ता को यह भी बताया कि उसके घर पर बहन की शादी है। जिसके चलते उसे पैसों की जरूरत है और वह कुछ सोने के आभूषण बेचना चाहता है। इसी बीच राजू के भाई ने लाल रंग की थैली से सोने के आभूषण निकाले और शिकायतकर्ता को दिखाने लगा। सोने के जेवरात को दिखाने के कुछ दिनों बाद दोबारा से राजू ने शिकायतकर्ता को फोन किया और इस बारे में चर्चा करने लगा। कुछ दिन बाद राजू और शिकायतकर्ता ने मिलकर सोने के आभूषण ज्वेलर्स को दिखाएं और सोनार ने जेवरात के असली होने की बात कही। दोबारा से राजू ने शिकायतकर्ता को फोन किया और इस बार शिकायतकर्ता भी राजू की बातों में आ गया। सोने के जेवरात देखने के बाद गणेश के मन में लालच आ गया और १३ तारीख को राजू और शिकायतकर्ता के बीच मुलुंड पूर्व विहार होटल में सोने के आभूषण के बदले ५ लाख ५० हजार रुपए का करार हुआ। जिसके बाद राजू और उसके भाई ने लाल रंग की थैली में सोने का आभूषण गणेश को दे दिए और उसके बदले ५ लाख ५० हजार रुपए लेकर चले गए। घर जाने के बाद जब गणेश ने अपने परिचित सुनार को यह आभूषण दिखाएं तब उसने बताया कि यह सभी आभूषण नकली है। जिसके बाद शिकायतकर्ता को ठगे जाने का एहसास हुआ। गणेश तुरंत नवघर पुलिस स्टेशन पहुंचा और राजू और उसके भाई के खिलाफ आईपीसी की धारा ४२० के तहत मामला दर्ज करवाया। फिलहाल तकनीकी जांच के आधार पर नवघर पुलिस राजू की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# तेज रफ्तार डंपर ने मारी विकलांग को जोरदार टक्कर

## घटना में बुरी तरीके से जख्मी हुआ पीड़ित

■ **होम टाइम्स टीम**

अपने किसी निजी काम से अपने तीन पहिया साइकिल पर जाने वाले दिव्यांग नागरिक को मुंबई महानगरपालिका के डंपर की गाड़ी की ओर से जोरदार टक्कर मारने और घटनास्थल से फरार होने का मामला नवघर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। फिलहाल नवघर पुलिस अज्ञात डंपर चालक की तलाश कर रही है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार स्टीवन लिस्बी आनंद नगर का रहिवासी है। वर्ष २००५ में रेलवे हादसे में पीड़ित के दोनों पर कट गए थे। १४ अक्टूबर की सुबह शिकायतकर्ता अपनी तीन पहिया साइकिल लेकर भांडुप की दिशा में जा रहा था। जैसे ही वह मुलुंड पश्चिम गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड स्थित सीमेंट यार्ड के पास पहुंचा, पीछे से मुंबई महानगरपालिका की क्लीनअप गाड़ी ने शिकायतकर्ता के साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते शिकायतकर्ता का संतुलन खो गया और वह अपनी साइकिल के साथ सड़क की एक तरफ गिर गया। इस घटना के बाद डंपर चालक वाहन के साथ रफू चक्कर हो गया। कुछ समय बाद जब यहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने देखा कि सड़क के किनारे जख्मी हालत में एक विकलांग नागरिक गिरा हुआ है तब उसे नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। यह टक्कर इतनी भयानक थी की शिकायतकर्ता की साइकिल पूरी तरीके से चकना चूर हो गई। शिकायतकर्ता के घर वालों को इसकी जानकारी दी गई और नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। फिलहाल नवघर पुलिस डंपर चालक की तलाश कर रही है।

# कुरियर भेजने के बहाने मुलुंड निवासी से ठगे गए लाखों रुपए

## पुलिस ने शुरु की अज्ञात जालसाज की तलाश

■ **होम टाइम्स टीम**

कुरियर भेजने के बहाने मुलुंड निवासी को फर्जी लिंक भेज कर उसके बैंक अकाउंट से १ लाख ९७ हजार से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। फिलहाल पीड़ित की ओर से मुलुंड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया गया है और पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मुलुंड पश्चिम का रहिवासी है। शिकायतकर्ता को कल्याण में अपना एक कुरियर भेजना था। जिस संदर्भ में शिकायतकर्ता ने गूगल पर सर्च किया था।

कुछ समय बाद एक अज्ञात नंबर से शिकायतकर्ता को कॉल करके बताया गया कि उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक भेजा गया है। जिसके जरिए वह अपना कुरियर पार्सल करवा सकता है। इस काम के लिए उसे पिकअप चार्ज के नाम पर २ रुपए भरने होंगे। शिकायतकर्ता ने उस लिंक पर क्लिक कर के मांगी हुई जानकारी भर दी। इतना ही नहीं पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति की तरफ से भेजे हुए लिंक पर २ रुपए भी ट्रांसफर कर दिए। २ रुपए भरने के बाद शिकायतकर्ता को पैसे कटने का मैसेज आया, और उसके कुछ ही मिनट बाद शिकायतकर्ता के अकाउंट से १ लाख ९७ हजार ८८८ रुपए कट गए। इसके बाद शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि उसे ठगा गया है। जिसके बाद पीड़ित ने मुलुंड पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी दी और मामला दर्ज करवाया। फिलहाल मुलुंड पुलिस मामले की अधिक जांच कर रही है।

# चलती रिक्शा में प्रेमिका पर किया गया चाकू से हमला

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

■ **होम टाइम्स टीम**

संबंध बनाने से इनकार करने पर प्रेमी की ओर से अपने ही प्रेमिका पर चलती रिक्शा में चाकू से हमला करने का मामला भांडुप में सामने आया है। प्रेमिका द्वारा दिए गए बयान के आधार पर फिलहाल भांडुप पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

मिल रही जानकारी के अनुसार कुछ वर्षों पहले २१ वर्षीय युवती और भांडुप के टेंभीपाडा इलाके में रहने वाले चेतन की मुलाकात हुई थी और दोनों का रिश्ता प्यार में बदल गया था। कुछ दिनों पहले प्रेमिका ने उससे दूरी बना ली थी। इससे गुस्सा होकर चेतन ने १२ अक्टूबर को अपनी प्रेमिका को कैफे में मिलने के लिए बुलाया। दोनों के बीच विवाद होने पर युवती अपने घर चली गई। इसके बाद दोबारा से १४ अक्टूबर को चेतन ने अपनी प्रेमिका को मिलने के लिए बुलाया। वह दोनों अंधेरी गए और अंधेरी से लौटते समय रिक्शा में चेतन ने इस युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। परंतु युवती ने इनकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर चेतन ने चाकू निकाला और युवती के गले पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद युवती ने खुद अस्पताल में जाकर अपना उपचार करवाया और भांडुप पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद भांडुप पुलिस की ओर से चेतन पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल आरोपी चेतन पुलिस हिरासत में है और मामले की अधिक जांच जारी है।

CALL CENTER
**022 66211333**

E-MAIL ID
**customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER
**HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code:** To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

**HOME NET**
www.homenet.net

WOW!
DOUBLE MAZZA!!
uploads & downloads
at same speed, since 2010
now @ ₹194/-*
Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free
67 OFFER

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME
- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER
powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO
NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH
ZERO INSTALLATION COST**
For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

### HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS
INTRODUCTORY OFFER
IN YOUR SOCIETY
PLEASE COME TO US WITH
A MINIMUM GROUP OF
15 CONNECTIONS

SYMMETRIC SPEED
SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**

**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply


Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**